**New Delhi:** While several parts of the capital are inundated due to an overflowing Yamuna, sources on Sunday alleged that the apex committee for flood control and monsoon preparedness headed by chief minister Arvind Kejriwal failed to meet in the last two years.

Sources said the apex committee, comprising the officials of various Delhi and Central government departments, apart from the representatives of the Army and the central water commission, should meet every year in June-end to formulate and implement the measures needed for dealing with the problems caused by floods or drainage congestion and release an annual flood order.

"The CM this year left it on the revenue minister to call this meeting. Instead of holding a full-fledged meeting, the revenue minister too called a short meeting, comprising the divisional commissioner, district magistrate (east) and principal secretary and chief engineer of the irrigation and flood control department, and released a half-baked flood order," said a Delhi government official, requesting anonymity.

Anindya Chattopadhyay



DELHI IN KNEE-DEEP TROUBLE

The Delhi government, however, refuted the charges and said irrigation and flood control minister Saurabh Bharadwaj and revenue minister Atishi had jointly chaired a meeting and reviewed the preparations for floods and waterlogging with the senior officers of all departments, including PWD, irrigation and flood control, the Municipal Corporation of Delhi, the New Delhi Municipal Council and the Delhi Development Authority.

"Regular interdepartmental meetings have been happening to iron out any issues regarding floods and waterlogging. The chief minister has been monitoring the situation himself as well. The flood control order was issued as per the due process, keeping Delhi's historical data in mind," the government in a statement said.

Sources, however, alleged that the flood control order was released without the apex committee meeting and without preceding preparations. They added that the committee takes into account the threats and projections, assesses preparedness and ensures a fool-proof and seamless coordination mechanism between various departments and agencies, including those from the Central government, to handle any eventuality.

"As the chairman of the apex committee to review, recommend, supervise and coordinate flood control measures in Delhi, the chief minister chose not to let its mandatory meeting scheduled in June-end take place, despite the revenue department moving a file to this effect on June 19 itself," said an official.

Sources said the divisional commissioner, who is also the convenor of the committee, forwarded the file to the chief minister on June 21, but his additional secretary returned it on June 26 to Atishi, saying that Kejriwal has desired that she convenes the meeting.

"Instead of convening a meeting of the all-powerful apex committee, the OSD of the revenue minister asked the divisional commissioner to have a short meeting with the principal secretary and the chief engineer of the irrigation and the flood control department and the DM (East). The meeting was finally held on July 6 without the presence of the chief secretary, the commissioner of police, the then MCD commissioner, CEO of the DJB and various other important stakeholders, such as the representatives of the Army and the CWC. A perfunctory, half-baked flood control order was issued after the meeting without taking the main stakeholders into confidence," an official claimed.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

www.delhi.nbt.in
NAME OF NEWSPAPERS नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 17 जुलाई 2023 DATED

# हर तरफ सिर्फ बर्बादी का मंज़र

## घरों और दुकानों की साफ सफाई में लगे पुराना उस्मानपुर गांव के लोग

Rajesh.Saroha@timesgroup.com

■ **बाढ़ का** पानी उतरते ही पुराना उस्मानपुर गांव में रहने वाले लोग अपने घरों और दुकानों की सफाई में जुट गए। गांव के अंदर चारों तरफ कीचड़ ही कीचड़ था। चारों तरफ पालतू जानवरों की लाशें पड़ी थीं। लोगों का कहना है कि अगर इन्हें जल्द नहीं उठाया गया, तो गांव में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ जाएगा।

### कई साल लगेंगे भरपाई में

संजय कुमार राय अपनी पत्नी नवीता राय के साथ पुराना उस्मानपुर गांव में परचून की दुकान चलाते हैं। दोनों दुकान के अंदर फैले कीचड़ को साफ करके सामान समेटने में लगे हुए थे। बाढ़ से कितना नुकसान हो गया? यह सवाल पूछते ही उनके अंदर का दर्द फूटकर बाहर निकल आया। दोनों दुकान के अंदर इशारा करते हुए कहने लगे कि अंदर की हालत देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है। संजय ने बताया ने बताया कि बाढ़ की वजह से इतना नुकसान हुआ है कि उसकी भरपाई करने में कई साल लग जाएंगे। दुकान पूरी तरह से पानी में डूबी थी। दुकान में 15 कट्टे चावल, पांच कट्टे दाल, छह कट्टे आटा, मैदा और तेल के टीन के अलावा बीड़ी-सिगरेट के दर्जनों पैकेट खराब हो गए। इसके अलावा दुकान में रखा फ्रिज भी खराब हो गया। बाढ़ से कम से कम ढाई लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है।

### ज्यादातर सामान बाढ़ में बह गया

राजेंद्र अपनी पत्नी राखी के साथ कॉस्मेटिक्स के अलावा सिलाई में इस्तेमाल होने वाले सामान की दुकान चलाते हैं। जब हम वहां पहुंचे तो पति पत्नी दोनों दुकान के अंदर और बाहर फैले कीचड़ को साफ करने में लगे हुए थे।

Surender Kumar



### एसी-एलईडी टीवी सब खराब

महेश ने बताया कि वह परिवार के साथ यहां रहते हैं। घर के बराबर में ही उनका भूसे का गोदाम है। बाढ़ से कुछ दिन पहले ही भूसा मंगवाया था। गोदाम में भरा भूसा बाढ़ में बह गया। उन्होंने बराबर में अपने घर का हाल दिखाते हुए कहा कि कमरे के अंदर रखे पलंग के अलावा दीवार पर लगा एसी और एलईडी टीवी तक पानी में डूबने से खराब हो गए। दो महीने पहले ही 39 हजार रुपये का एसी लगवाया था। अभी उसकी पहली किस्त ही गई है।

### हर तरफ जानवरों की पड़ी हैं लाशें

सुभाष ने बताया कि पहली बार यमुना में आई बाढ़ से इतना नुकसान हुआ है। जगह-जगह मरी पड़ी गाय, भैंस और उनके बछड़ों को दिखाते हुए कहा कि पूरे गांव में 150 से अधिक पशु मरे हैं। उन्होंने जानवरों की मौत के लिए सीधे तौर पर डीडीए की ओर से गांव में की गई कंटीले तारों की फेंसिंग को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने बताया कि मरे हुए जानवर उठाने के लिए एमसीडी को कई बार फोन किया गया, लेकिन अभी तक एमसीडी की कोई गाड़ी यहां नहीं पहुंची।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी
DELHI
15 जुलाई, 2023 ▸ शनिवार ----DATED----

# लालकिला से सुप्रीम कोर्ट तक पानी
# राजधानी को लगा ब्रेक

दिल्ली में 45 साल बाद आई ऐतिहासिक बाढ़ ने राजधानी की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। यमुना का पानी सड़कों पर आ जाने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसके अलावा निचले इलाकों में बसे हजारों घरों के साथ ही सिविल लाइंस जैसे पॉश इलाके की आलीशान कोठियों में भी पानी भर गया। आईटीओ, राजघाट, कश्मीरी गेट, सिविल लाइंस, लाल किला के आसपास सड़कों पर भारी जलभराव होने से सड़कों पर भारी जाम लगा हुआ है, जो दिनभर बने रहने के आसार हैं। जानकारी के अनुसार, दिल्ली में शुक्रवार शाम 5 बजे यमुना का जलस्तर 208.20 मीटर पर दर्ज किया गया। हालांकि, गुरुवार की तुलना आज यमुना के जलस्तर में थोड़ी कमी आई है, लेकिन यमुना अब भी खतरे के निशान से 3 मीटर से अधिक ऊपर बह रही है। अगर आप आज उत्तरी और मध्य दिल्ली की तरफ जाने की सोच रहे हैं तो पहले यह जान लीजिए कि लालकिला, राजघाट, आईटीओ, यमुना बाजार और सिविल लाइंस के रास्तों पर आज कैसी स्थिति है।

**आईटीओ...** दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से आईटीओ तक पानी पहुंच गया। गुरुवार देररात ही पानी आईटीओ रोड पर पहुंचना शुरू हो गया था। जिसके चलते ही शुक्रवार सुबह तक इस रोड पर पानी लगातार बढ़ता ही रहा। सुबह घरों से ऑफिस के लिए निकले लोग जाम में फंस गए। रास्ते बंद होने से वाहन चालकों को भी अनेक दिक्कतें उठानी पड़ी। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), आयकर भवन समेत कई सरकारी दफ्तरों में पानी भरने से हालात और खराब हो गए। आईटीओ पर ही स्थित स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्ट में भी पानी भर गया। दिल्ली पुलिस का पुराना मुख्यालय, दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग का मुख्यालय भी बाढ़ के कारण प्रभावित है।



DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRES CE

the pioneer
NAME OF NEWSPAPERS- | MONDAY | JULY 17, 2023 TED---------------------

# 'Body for flood-control under Kejriwal didn't meet for 2 yrs'

## AAP Govt denies charges levelled by Raj Niwas, BJP

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

The Apex Committee under Chief Minister Arvind Kejriwal responsible for flood control and preparedness in the national Capital did not meet for the last two years.

According to a statement issued by Raj Niwas, the meeting of the Apex Committee should have taken place by the end of June before the issue of the flood control order. Strangely, the flood control order was issued without the Apex Committee meeting and preceding preparations.

The Apex Committee is mandatory to ensure seamless coordination among the various agencies, including the Central Government, the Army, and the Central Water Commission.

Sources claimed that the flood order issued by the Delhi



Government was "half-baked".

The Delhi BJP slammed the Kejriwal Government saying the meeting of an Apex Committee on flood control, headed by Kejriwal, has not been held in the last two years.

Addressing a Press conference, Delhi BJP president Virendra Sachdeva, Bansuri Swaraj, and Praveen Shankar Kapoor alleged that no desilting of Yamuna and drains was carried out by the Kejriwal Government and the flood in Delhi was caused because of this failure and demanded a judicial probe in the matter.

However, the AAP Government denied the charge, saying the meeting to discuss flood preparedness chaired by Delhi Ministers Atishi and Saurabh Bharadwaj took place on May 9. It also said a flood control order was issued as per due process.

However, Raj Niwas official said as chairman of the Apex Committee to review, recommend, supervise and coordinate flood control measures in the NCT of Delhi, Kejriwal chose not to allow the committee's mandatory meeting scheduled in June-end this year, despite the revenue department moving a file to this effect on June 19.

"Even last year, Kejriwal did not let this meeting happen," said sources. "The statements being given by Kejriwal and his Ministers are blatant lies," the official added.

This high-power committee chaired by the Delhi CM consists of all Government Ministers, Delhi MPs, four MLAs of the AAP, and the Chief Secretary, along with other stakeholders like the Delhi Development Authority, GOC-Indian Army, and member of the Central Water Commission.

*Continued on Page 2*

# 'Body for flood-control under Kejriwal...

**From Page 1**

It is scheduled to meet on any date towards the end of June, before the onset of the monsoon, to review the situation at hand and pass a "Flood Control Order" every year, the sources said.

The Apex Committee takes into account the threats and projections, assesses preparedness, and ensures a foolproof seamless coordination mechanism between various departments and agencies, including those from the Centre, to handle any eventuality, they added.

The Divisional Commissioner, who is also the convener of the committee, requested Kejriwal on June 21 to suggest a suitable date and time for convening the mandatory meeting of the Apex Committee in the last week of June. The file was submitted to the CM through Atishi.

However, Kejriwal's additional secretary, a relatively junior functionary, returned the file after four days, on June 26, to Atishi with the noting that, "The CM has desired that the Minister (Revenue) may convene the meeting," of the Apex Committee, which is chaired by the CM." After Kejriwal offloaded this responsibility on Atishi, she again did not deem it fit to see the file and convene a meeting of the all-powerful Apex Committee".

"Her OSD instructed the Divisional Commissioner, on file to, have a short meeting (not the Apex Committee) for releasing the Flood Control Order 2023, on 30.06.23 at 6:30 pm in her conference room with Divisional Commissioner, Pr Secy (I&FC), DM (East) and Chief Engineer, " the official said.

The meeting chaired by Atishi, did not have the presence of the Chief Secretary, Police Commissioner, MCD Commissioner, CEO DJB, and various other important stakeholders, leaving apart the representatives from the CWC. This happened because Atishi did not ask for them to be present in the meeting.

The meeting subsequently happened on July 6, after which a perfunctory half-baked flood control order was issued without taking the main stakeholders into confidence," the official said.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**



# बाढ़ से निपटने के लिए दो साल से नहीं हुई बैठक

## उपराज्यपाल कार्यालय ने साधा मुख्यमंत्री पर निशाना, कहा- केजरीवाल खुद हैं दोषी

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राजधानी में बाढ़ से निपटने लायक बुनियादी ढांचे को तैयार करने के लिए दो साल से एपेक्स कमेटी की बैठक ही नहीं हुई। इस कारण बिना रणनीति तैयार किए राजस्व विभाग बाढ़ रोकने में जुटा हुआ है। इसे लेकर उपराज्यपाल कार्यालय ने दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है।

उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्री दिल्ली में आई बाढ़ के लिए दूसरों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, जबकि वे खुद इसके लिए दोषी हैं। दिल्ली में बाढ़ नियंत्रण और बचाव के लिए एपेक्स कमेटी की बैठक होनी चाहिए। यह बैठक जून के अंत तक हर हाल में हो जानी चाहिए, लेकिन मुख्यमंत्री ने दो साल से बैठक ही नहीं बुलाई। बिना बैठक के ही राजस्व विभाग की एक फाइल आगे बढ़ा दी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाली इस हाई पावर कमेटी में दिल्ली सरकार के सभी मंत्री, सांसद, चार विधायक, मुख्य सचिव, पुलिस आयुक्त, डीडीए के उपाध्यक्ष, एमसीडी कमिश्नर, एनडीएमसी के चेयरमैन, सीईओ-डीजेबी जीओसी, भारतीय सेना, केंद्र सरकार के अधिकारी सहित अन्य शामिल होते हैं। ये कमेटी बाढ़ के खतरे व अन्य का आकलन कर तैयारियां करती हैं।

मंडलायुक्त ने जून में मुख्यमंत्री से सुझाव देने का अनुरोध किया। साथ ही, बैठक के लिए समय मांगा। यह फाइल राजस्व मंत्री आतिशी के माध्यम से सीएम को सौंपी गई, लेकिन मुख्यमंत्री ने इस फाइल को देखा तक नहीं। चार दिनों तक फाइल को रोकने के बाद मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की इच्छा है कि राजस्व मंत्री बैठक बुलाएं। 30 जून को बिना मुख्य सचिव व अन्य अधिकारियों के मंत्री ने बैठक बुलाई। बिना बैठक की जा रही तैयारियों के कारण दिल्ली में पानी भर गया।



**समिति के अध्यक्ष होते हैं मुख्यमंत्री अधिकारियों संग बैठक कर तैयार करते हैं रणनीति**

### यह काम करती है समिति

- खतरे के स्तर की निगरानी और चेतावनी जारी करना
- हथिनी कुंड से यमुना में एक लाख क्यूसेक पानी और नजफगढ़ ड्रेन में 35 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने पर पहली चेतावनी जारी करना
- हथिनी कुंड से यमुना में 3 लाख क्यूसेक और नजफगढ़ ड्रेन में 70 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने पर दूसरी चेतावनी जारी करना
- हथिनी कुंड से यमुना में 5 लाख क्यूसेक और नजफगढ़ ड्रेन में 1 लाख क्यूसेक पानी छोड़ने पर तीसरी चेतावनी जारी करना
- सेना से सहायता की मांग करना
- नियामकों, बांधों और निचले क्षेत्रों जैसे संवेदनशील बिंदुओं की सुरक्षा करना

### बुनियादी ढांचे के विकास पर कितना खर्च किया मुख्यमंत्री बताएं : गंभीर

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने पूर्वी दिल्ली में रविवार को राहत कार्य के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोगों को बताना चाहिए कि शहर के कई हिस्सों में बाढ़ क्यों आई। उन्होंने आठ साल में बुनियादी ढांचे के विकास और अपने प्रचार पर कितना खर्च किया। दिल्ली जब भी समस्या में फंसती है तो मुख्यमंत्री दिखाई नहीं पड़ते। मुद्दे से भटक कर राजनीति शुरू कर देते हैं और केंद्र सरकार की मदद भी मांगते हैं। ब्यूरो

### सरकार दिल्ली की सुरक्षा के प्रति गंभीर : आप

उपराज्यपाल कार्यालय के आरोपों को निराधार बताते हुए दिल्ली सरकार ने कहा है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार दिल्ली की सुरक्षा के लिए गंभीर है। सरकार अपने स्तर पर मई माह से ही बाढ़ और जलभराव के मुद्दों की नियमित समीक्षा कर रही है। 9 मई को सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज और लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने संयुक्त रूप से विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। इसके बाद बाढ़ और जलभराव से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए नियमित अंतर विभागीय बैठकें होती रही हैं। मुख्यमंत्री स्वयं भी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। बाढ़ नियंत्रण आदेश दिल्ली के पुराने आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए उचित प्रक्रिया के अनुसार जारी किया गया है।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**



# बाढ़ पर बनी एपेक्स कमेटी की बैठक पर रार

## एपेक्स कमेटी की बैठक क्यों नहीं हुई, दिल्ली सरकार ने खुद दिया बाढ़ को न्योता : लवली

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :** आठ साल में एपेक्स कमेटी की एक भी बैठक नहीं करने का आरोप लगाते हुए दिल्ली कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया। कांग्रेस का कहना है कि दिल्ली में आई इस बाढ़ को सरकार ने खुद न्योता दिया, अब जब सरकार की किरकिरी हो रही है तो डेमेज कंट्रोल के लिए हरियाणा पर ठीकरा फोड़ रहे हैं, जबकि वास्तविकता यही है कि यह सरकार दिल्ली में पूरी तरह से फेल हो गई है, लाखों लोगों के जीवन पर बन आई। रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान दिल्ली के पूर्व मंत्री अरविंदर सिंह लवली ने आरोप लगाया कि आप सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित एपेक्स कमेटी का अस्तित्व ही खत्म कर दिया है।

लवली ने कहा, इस कमेटी का मुखिया मुख्यमंत्री होता है, उसके साथ दिल्ली से सटे राज्यों के सिंचाई विभाग के मुख्य सचिव और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी इसके सदस्य होते हैं। हर साल जनवरी- फरवरी में कमेटी की बैठक होना अनिवार्य है। बाढ़ नियंत्रण के लिए बकायदा सब-कमेटी बनाई जाती है, जो बैठक में हुए फैसले को लागू करती है, लेकिन मुख्यमंत्री ने बीते आठ वर्षों में इसकी कोई बैठक ही नहीं की। आलम यह है कि आप सरकार ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों की नियुक्ति बाढ़ नियंत्रण की जगह अवैध कालोनियों में सड़क निर्माण कार्य पर लगा दी है।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने बाढ़ से बचाव को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई। सच तो यह है कि सीएम ने खुद दिल्ली में बाढ़ को आमंत्रित कर दिल्ली को बदहाल को किया है। लवली ने कहा कि वह एनडीआरएफ की मदद का हवाला तो दे रहे हैं लेकिन डीडीआरएफ कहां गई? डीडीआरएफ के नोडल अफसर की नियुक्ति तक नहीं की। उन्होंने कहा, दिल्ली में जब कांग्रेस सरकार थी तो मुख्यमंत्री शीला दीक्षित मानसून से छह माह पहले एपेक्स कमेटी की बैठक बुलाती थी और शहरी विकास मंत्रियों के साथ साथ पड़ोसी राज्यों के सिंचाई विभाग के अधिकारियों से समन्वय रखते हुए बरसात से पहले नालों से गाद निकालने का काम पूरा कर लिया जाता था। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री हारून यूसुफ ने कहा कि दिल्ली के लोगों को भाजपा और आम आदमी पार्टी ने फुटबाल बना दिया है। अरविंद केजरीवाल और उनके योग्य मंत्री चाहते तो दिल्ली की जनता को बाढ़ से बचाया जा सकता था।

पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल ने कहा, दिल्ली में पहली बार बाढ़ नहीं आई है। पहले भी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई थी लेकिन कांग्रेस सरकार ने कभी भी दिल्ली को दिल्ली वालों के हाल पर नहीं छोड़ा। संचार विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज ने दिल्ली सरकार से मांग की कि सरकार तुरंत बाढ़ पीड़ितों के बैंक खाते में दस दस हजार रुपए डाले और राहत पैकेज के रूप में दस दस लाख रुपए मुहैया कराए जिससे पीड़ितों के नुकसान की भरपाई हो सके।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते अरविंदर सिंह लवली, जेपी अग्रवाल, हारुन यूसुफ, व अनिल भारद्वाज।

## मई से ही हो रही बाढ़ और जलजमाव के मुद्दों की नियमित समीक्षा : दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** बाढ नियंत्रण उपायों पर एपेक्स कमेटी के बैठक के संबंध में दिल्ली सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। दिल्ली सरकार ने कहा कि वह मई से ही बाढ़ और जल जमाव के मुद्दों की नियमित समीक्षा कर रही है। 9 मई को सिंचाई व बाढ नियंत्रण विभाग के मंत्री सौरभ भारद्वाज और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री आतिशी ने संयुक्त रूप से एक बैठक की अध्यक्षता की जिसमें पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, सिंचाई व बाढ नियंत्रण विभाग, जलबोर्ड, डीडीए और एनडीएमसी सहित सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे और इसमें बाढ़ और जल जमाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। सरकार का कहना है कि उसके बाद बाढ़ और जलजमाव से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए नियमित अंतरविभागीय बैठकें होती रही हैं। मुख्यमंत्री स्वयं भी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। बाढ़ नियंत्रण आदेश दिल्ली के ऐतिहासिक आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए उचित प्रक्रिया के अनुसार जारी किया गया था।



## बाढ़ पर सीएम की अध्यक्षता वाली शीर्ष समिति की दो साल से नहीं हुई बैठकः राजनिवास

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** दिल्ली में बाढ नियंत्रण और इसकी तैयारियों के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में गठित शीर्ष समिति की पिछले दो सालों से कभी कोई बैठक ही नहीं हुई है। उपराज्यपाल कार्यालय ने रविवार को एक बयान में यह आरोप लगाया। वहीं राजनिवास के सूत्रों ने दावा किया कि दिल्ली सरकार द्वारा जारी बाढ़ रोकने और तैयारियों के लिए आदेश आधे-अधूरे थे। आरोप लगाया कि राजधानी दिल्ली में बाढ़ नियंत्रण उपायों की समीक्षा, अनुशंसा, पर्यवेक्षण और समन्वय के लिए एपेक्स कमेटी के अध्यक्ष के रूप में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस साल जून के अंत में होने वाली समिति की अनिवार्य बैठक को नहीं होने दिया। दावा किया कि सीएम केजरीवाल ने इस साल जून के अंत में होने वाली समिति की अनिवार्य बैठक नहीं होने दी, जबकि राजस्व विभाग ने 19 जून को इस आशय की फाइल आगे बढ़ा दी थी। पिछले साल भी केजरीवाल ने यह बैठक नहीं होने दी थी। यह आरोप लगाया गया कि हालांकि अनिवार्य बैठक बुलाने के लिए एक फाइल सीएम को सौंपी गई थी, सीएम ने बाढ नियंत्रण से संबंधित इस महत्वपूर्ण फाइल को देखने तक का फैसला नहीं किया। पूर्वी जिले के डीएम जो इस शीर्ष समिति के नोडल अधिकारी हैं द्वारा 19 जून 23 को स्थानांतरित की गई एक फाइल पर मंडलायुक्त जो समिति के संयोजक भी हैं ने 21 जून 23 को सीएम केजरीवाल से सुझाव देने का अनुरोध किया था। जून के अंतिम सप्ताह में सर्वोच्च समिति की अनिवार्य बैठक बुलाने के लिए उपयुक्त तारीख और समय संबंधी फाइल राजस्व मंत्री आतिशी मार्लेना के माध्यम से सीएम को सौंपी गई थी। हालांकि सीएम ने इस महत्वपूर्ण फाइल को देखने तक का फैसला नहीं किया। उनके अतिरिक्त सचिव ने चार दिनों के बाद यानी 26 जून 23 को आतिशी को यह टिप्पणी करते हुए फाइल लौटा दी कि माननीय मुख्यमंत्री की इच्छा है कि मंत्री (राजस्व) शीर्ष समिति की बैठक बुला सकते हैं, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे।


विनय कुमार सक्सेना

### एपेक्स कमेटी की बैठक 2 साल से क्यों नहीं हुई...

दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने एपेक्स कमेटी की बैठक गत 2 साल से क्यों नहीं की गई है इस पर दिल्ली सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बाढ़ को लेकर दिल्ली सरकार कितनी लापरवाह है इसका प्रमाण है एपेक्स कमेटी की बैठक न होना। उन्होंने कहा कि एपेक्स कमेटी के नोडल ऑफिसर डीएम ईस्ट ने मुख्यमंत्री को जून में 3 बार बैठक बुलाने के लिए लिखा, बताया कि गंभीर स्थिति की चेतावनी है पर फिर भी मुख्यमंत्री ने बैठक नहीं बुलाई।



DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

millenniumpost
MONDAY, 17 JULY, 2023 | NEW DELHI

NAME OF NEWSPAPERS__________ TED----------

# Blame game continues: CM-led flood control panel failed to meet in last 2 yrs, say sources; AAP hits back

**OUR CORRESPONDENT**

**NEW DELHI:** As the national Capital faces the floods caused by the overflowing Yamuna, Raj Niwas sources on Sunday alleged that the Apex Committee for flood control and preparedness headed by Delhi Chief Minister Arvind Kejriwal did not meet in the last two years.

However, the AAP government denied the charge, saying the meeting to discuss flood preparedness chaired by Delhi ministers Atishi and Saurabh Bharadwaj took place on May 9. It also said that a flood control order was issued as per the due process.

The Raj Niwas sources claimed that the flood order issued by the Delhi government was "half-baked".

"As chairman of the Apex Committee to Review, Recommend, Supervise and Coordinate Flood Control Measures in NCT of Delhi, CM Kejriwal chose not to let the Committee's mandatory meeting scheduled in June-end this year, despite the revenue department moving a file to this effect on June 19. Even last year, Kejriwal did not let this meeting happen," a Raj Niwas source said.

This high-power committee chaired by the Delhi CM consists of all government ministers, Delhi MPs, four MLAs of the AAP, and chief secretary, along with other stakeholders like Delhi Development Authority, GOC-Indian Army, and member of Central Water Commission. It is scheduled to meet on any date towards the end of June, before the onset of the monsoon, to review the situation at hand and pass a "Flood Control Order" every year, the sources said. The Apex Committee takes into account the threats and projections, assesses preparedness and ensures a foolproof seamless coordination mechanism between various departments and agencies, including those from the Centre, to handle any eventuality, they added.

According to the Raj Niwas sources, the divisional commissioner, who is also the convener of the committee, requested CM Kejriwal on June 21 to suggest a suitable date and time for convening the mandatory meeting of the Apex Committee in the last week of June. The file was submitted to the CM through Revenue Minister Atishi.

The sources further claimed that the file was returned on June 26 to Atishi, with the noting that, "Honourable CM has desired that the Honourable Minister (Revenue) may convene the meeting", of the Apex Committee, which is chaired by the CM". "Her OSD instructed the Divisional Commissioner to have a short meeting (not the Apex Committee) for releasing the Flood Control Order 2023, on June 30 at 6.30 pm in her conference room with principal secretary (irrigation and flood control), DM (East) and other officials," the source claimed.

The meeting chaired by Atishi did not have the presence of chief secretary, police commissioner, MCD commissioner, CEO of DJB and various other important stakeholders, leave apart the representatives from the CWC. This happened because Atishi "did not ask" for them to be present in the meeting, the sources alleged. The meeting subsequently happened on July 6, "after which a perfunctory half-baked flood control order was issued without taking the main stakeholders into confidence", they said.

Denying the charges, the AAP government said it had been regularly reviewing flood and waterlogging issues in May itself. "On May 9, Irrigation and Flood Control Minister Saurabh Bharadwaj and PWD Minister Atishi jointly chaired a meeting where all departments including PWD, MCD, I&FC, DJB, DDA and NDMC were present and preparations for floods and waterlogging were reviewed," the govt said in a statement.

## Highlights

- The AAP government denied the charge, saying the meeting to discuss flood preparedness chaired by Delhi ministers Atishi and Bharadwaj took place on May 9. It also said that a flood control order was issued as per the due process
- The Raj Niwas sources claimed that the flood order issued by the Delhi govt was 'half-baked'
- 'Besides, regular interdepartmental meetings have been happening to iron out any issues regarding floods and waterlogging'